Worksheet - 2 Subject: - Hindi कक्षा - आठ Teacher: - Mrs. Meera

Name: ______________ Class & Sec: _______________ Roll No. ______ Date: 24.07.2020

## लिखिए

1. **कविताांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

**वह लाली...........................................................................आऊँगा।**

**क.** कवि लाली के रूप में किसके आने की बात कह रहा है?

**उ.** कवि लाली के रूप में शहीद सैनिक के पुन: आने की बात कह रहा है।

**ख.** सैनिक स्वर्ग के सुखों के बीच क्यों नहीं रुकना चाहता है?

**उ.** स्वर्ग में रहकर वह देश के लिए कुछ नहीं कर सकेगा इसलिए सैनिक स्वर्ग के सुखों के बीच नहीं रुकना चाहता है।

**ग.** सैनिक चुपके से किस रूप में आने की बात कर रहा है?

**उ.** सैनिक चुपके से उल्का के रूप में आने की बात कह रहा है।

2. **संक्षेप में उत्तर लिखिए—**

**क.** एक सैनिक के लिए किसका मोह नहीं होता है?

**उ.** एक सैनिक के लिए इतिहास में अमर होने और प्रसिद्धि का मोह नहीं होता है।

**ख.** सैनिक इतिहास में अमर क्यों नहीं होना चाहता है?

**उ.** सैनिक को इतिहास में अमर होने का कोई मोह नहीं होता है। उसके लिए तो देश की सीमाओं की रक्षा करना ही सर्वोपरि कर्तव्य होता है।

**ग.** हमारे बीच सैनिक किस रूप में रहेगा?

**उ.** हमारे बीच सैनिक फूल की पँखुड़ी बनकर या एक पत्ती बनकर रहना चाहता है।



3. **विस्तार से उत्तर लिखिए—**

**क.** कवि के अनुसार सैनिक अपना जीवन किस प्रकार जीता है? स्पष्ट करें।

**उ.** एक सैनिक अपना जीवन ख्याति, सुयश, सम्मान, वैभव का मोह त्यागकर जीता है। उसके जीवन का एकमात्र लक्ष्य देश की सीमाओं की रक्षा करना है। वह देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान करने से कभी पीछे नहीं हटता है।

**ख.** देशवासियों से सैनिक को किस बात का मलाल है और क्यों?

**उ.** देशवासियों से सैनिक को मलाल है कि देशवासी उसके किए हुए बलिदान को भुला देते हैं। साहित्यकार भी अपनी कलम से सैनिक के बलिदान को शब्द से सम्मान नहीं देते हैं। इस विश्व के लिए सैनिक और उसका बलिदान सामान्य घटना बन जाता है।

**ग.** शहीद सैनिक कवियों से क्या चाहता है और क्यों?

**उ.** शहीद सैनिक कवियों से चाहता है कि वे उसकी शहादत पर अपनी कलम से कुछ ऐसा लिखें कि उसका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन जाए। देशवासियों में देश प्रेम भावना उमड़ने लगे।